कार्यालय, प्राचार्य
**शासकीय महामाया महाविद्यालय**
रतनपुर – 495442
जिला – बिलासपुर (छ.ग.)

Special College Code - 2812

Website: www.gmcratanpur.ac.in; Tel: 07753255490; Mob; 9752107107
Email: gmc_ratanpur@rediffmail.com; pri-mratanpur.cg@gov.in;col-mratanpur.cg@gov.in

## //सूचना//

महाविद्यालय के समस्त नियमित अध्ययनरत विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा महामाया मंदिर के धर्मशाला प्रांगण में दिनांक 11 मार्च 2022 से 13 मार्च 2022 तक पूर्वान्ह 11 से अपरान्ह 07 बजे तक "आजादी का अमृत महोत्सव" त्रिदिवसीय मल्टीमीडीया चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करें, एवं प्रदर्शनी का लाभ लेवें।

अधिक जानकारी के लिये संलग्न प्रपत्र का अवलोकन करें।

टीपः– प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी स्थान :– महामाया मंदिर के धर्मशाला प्रांगण, रतनपुर जिला – बिलासपुर (छ.ग.) दिनांक 11/03/2022 से 13/03/2022 तक

(प्रो. देवलाल उइके)
एन.एस.एस. प्रभारी

(डॉ.ए.के. लहरे)
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय महामाया महाविद्यालय
रतनपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

हस्ते

क्र.2 / 4 / वि.प्र. / 21–22 / बि. / 243

भारत सरकार
सूचना एंव प्रसारण मंत्रालय
क्षेत्रीय लोकसंपर्क कार्यालय

तिलक नगर, बिलासपुर
दिनांक – 07.03.2022

प्रति,

प्राचार्य,
शा. महामाया महाविद्यालय-रतनपुर
जिला – बिलासपुर (छ.ग.)

विषय – "आजादी का अमृत महोत्सव" त्रिदिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी के आयोजन में स्कूलों के सहयोग व सहभागिता बावत्।

महोदय / महोदया,

सादर निवेदन है कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रादेशिक लोकसंपर्क कार्यालय रायपुर द्वारा स्थानीय जिला प्रशासन के सहयोग से कोविड अनुरुप व्यवहार का कड़ाई से अनुपालन करते हुए दिनांक 11 मार्च से 13 मार्च 2022 तक समय (पूर्वाह्न 11 से अपराह्न 07 बजे तक) महामाया मंदीर के धर्मशाला प्रांगण में **आजादी का अमृत महोत्सव" त्रिदिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी के आयोजन** किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी जी के दांडी मार्च, नेताजी सुभाषचंद्र बोस एवं सरदार वल्लभ पटेल जैसी महान विभूतियों व छत्तीसगढ़ के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन एवं आजादी की लड़ाई में उनके योगदान को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। इन तीनों दिनों में विविध प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को मंत्रालय द्वारा पुरस्कार व प्रमाणपत्र वितरित किया जाएगा।

यह प्रदर्शनी लगातार आम जन के अवलोकन के लिए दिनांक 11 से 13 मार्च 2022 तक लगातार सुबह 11 बजे से शाम 07 बजे तक निःशुल्क खुली रहेगी। प्रदर्शनी स्थल पर इन तीनों दिन देश भक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। इन प्रतियोगिताओं मे प्रवेश निःशुल्क है।

इन तीनों दिनों कार्यक्रम में संबंधित विषय पर फैंसी ड्रेस, निबंध, चित्रकला, रंगोली, प्रश्नमंच, देश भक्ति गीत गायन / डांस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। जिसके विजेता को अतिथियों द्वारा मौके पर ही पुरस्कृत किया जाएगा।

महोदय, उक्त कार्यक्रम में इस पत्र के माध्यम से आपसे निवेदन है कि उक्त तिथि को पूर्वाह्न 11.00 बजे से विद्यालय के प्रतियोगी छात्र–छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित करनें में सहयोग करें।

इस अवसर पर आपकी उपस्थिति बतौर कार्यक्रम के अतिथि प्रार्थनीय है।

रा.से.यो / अविनाश विभागाध्यक्ष
8/3/22

K.V.gir.

भवदीय

डॉ. प्रेम कुमार (भासूसे)
क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी
मो. 9372111752

भारत सरकार
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
प्रादेशिक लोकसंपर्क कार्यालय
रायपुर ( छत्तीसगढ़ )

''आजादी का अमृत महोत्सव'' तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी''

(दिनांकः–11 मार्च से 13 मार्च–2022)

स्थान–महामाया मंदिर धर्मशाला, रतनपुर, जिला बिलासपुर, (छ.ग.)

## कार्यक्रम विवरण

| क्रमांक | दिनांक | समय | कार्यक्रम का प्रकार | विवरण | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11.03.2022 | दोप. 12.00 बजे से | ''आजादी का अमृत महोत्सव '' चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ, तदोपरांत उद्घाटन, दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों का संबोधन, चित्र प्रदर्शनी अवलोकन। **नोटः** इन सभी कार्यक्रमों के उपरांत मुख्य अतिथि आजादी का अमृत महोत्सव जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। | **मुख्य अतिथिः माननीय सांसद श्री अरुण साव जी अध्यक्षताः माननीय विधायक श्रीमति रेणु जोगी जी विशिष्ट अतिथिः माननीय विधायक श्री रजनीश सिंह जी, माननीय विधायक श्रीमति रश्मि सिंह जी** | रतनपुर के गणमान्य नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी, स्थानीय कॉलेज एंव हायर से. विद्यालय के छात्र–छात्राएं, शिक्षकगण, आंगनवाड़ी सेविकाएं, मितानिन, एनएसएस वॉलेंटियर्स की सहभागिता। |
| 2. | | प्रातः 02.30 बजे से पंजीयन व अपराह्न 03:00 बजे से प्रतियोगिता प्रारंभ | रंगोली व निबंध लेखन प्रतियोगिता विषय **रंगोलीः** आजादी व संस्कृति विषयक **निबंधः** भारत की आजादी का आंदोलन और छत्तीसगढ़ | आंगनवाड़ी सेविकाएं व स्थानीय हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र–छात्राएं | रंगोली एवं लेखन सामग्री, पेन आदि कार्यक्रम स्थल पर विभाग द्वारा पंजीयन के उपरांत प्रदान की जाएगी। |
| 3. | | 04.30 बजे से 6.30 बजे | सांस्कृतिक कार्यक्रम | विभागीय पंजीकृत दल द्वारा | |
| 4. | 12.03.2022 | प्रातः 11.30 बजे से पंजीयन व अपराहन 12:00 बजे से प्रतियोगिता प्रारंभ | चित्रकला प्रतियोगिताः आजादी का अमृत महोत्सव | रतनपुर के स्कूल–कॉलेज के विद्यार्थी | संबंधित सामग्री कार्यक्रम स्थल पर विभाग द्वारा पंजीयन के उपरांत प्रदान की जाएगी। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5. | | दोप. 01.00 बजे से 2.30 बजे तक | विशाल स्वास्थ्य परीक्षण शिविर | **सीआरपीएफ बटालीयन–भरनी, बिलासपुर द्वारा** | ------ |
| 6. | | 02.30 बजे से 4.30 बजे तक | देशज खेल स्पर्धा | स्थानीय हायर सेकेन्डरी स्कूल के छात्र–छात्राएं | मैदान का चयन विद्यालय द्वारा निर्धारित किया जाएगा। |
| 7. | | 04.30 बजे से 6.30 बजे तक | सांस्कृतिक कार्यक्रम | विभागीय पंजीकृत दल द्वारा | |
| 8. | 13.03.2022 | प्रातः 11.30 बजे से पंजीयन व अपराहन 12:00 बजे से प्रतियोगिता प्रारंभ | मेहंदी, कुर्सी दौड़ एवं रस्सा खींच प्रतियोगिता, परिसंवाद एवं महिला सशक्तिकरण/उन्मुखीकरण | विशेषज्ञ वक्ता– महिला एवं बाल विकास विभाग से नामित अधिकारी। | महिला स्व सहायता समूह सदस्य एंव कॉलेज छात्राएं |
| 9. | | दोप. 01.30 बजे से 03.00 बजे तक | देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता एवं देशभक्ति गीतों पर आधारित नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम | स्थानीय स्कूल के छात्र –छात्राएं विभागीय पंजीकृत दल द्वारा। | निर्णायक मंडल द्वारा श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन मौके पर ही किया जाएगा। |
| 10. | | 03.00 बजे से | पुरस्कार वितरण एवं कार्यक्रम का समापन समारोह । | **मुख्य अतिथिः** श्री एलएन मिश्रा, डीआईजी सीआरपीएफ | –– |

**प्रदर्शनी में आने वाले सभी गणमान्य से कोविड अनुरूप व्यवहार पालन का सहयोग अपेक्षित है।**

विभागीय स्टॉल 1. पोषाहार प्रदर्शनी ( महिला एंव बाल विकास विभाग/आंगनवाड़ी केन्द्र द्वारा )
2. स्व–सहायता समूह प्रदर्शनी/सहविक्रय ( जनपद पंचायत/आजिविका मिशन "बिहान" )

डॉ. प्रेम कुमार, भा.सू.से.
क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी
मो.नम्बर– 9372111752